Book Ad Any category of Classified and get special Discount
Times of india/ Hindustan times/ Denik jagran / Amar ujala/ Navbharat times Hindustan hindi
Discount Code TBC10
Contact:
Kunika Advrtising
Plot no,516. sector-12 friends co-operative society vasundhara ghaziabad
Mo. 8130640000

Year-14 issue- 15
RNI.NoUPBIL/2009/28691
DAVP Code:101473


Postal Registration No.UP/GZB-80/2016-18
Mo.9871895198

# TIRUPATI BALAJI CHRONICLE

Hindi/English {Bi-Lingual} Weekly Ghaziabad
डीएवीपी एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त

Page 03 रोटरी क्लब और आरएचएएम...



Page 05 श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर...



Page 07 भारत के सहयोग से बांग्लादेश... ...



## TIRUPATIEYE

### आरक्षण के मामले में सर्वोच्च न्यायालय की संविधान पीठ में सुनवाई

**टीबीसी न्यूज।** टीबीसी न्यूज। सरकारी नौकरियों और शैक्षणिक संस्थानों में आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग (EWS) के लिए 10 फीसद आरक्षण के मामले में सर्वोच्च न्यायालय की संविधान पीठ सितंबर को सुनवाई करेगी। मुख्य न्यायाधीश (CJI) यूयू ललित के नेतृत्व वाली 5 जजों की बेंच मामले की सुनवाई कर रही है। वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल शंकर नारायण ने शीर्ष अदालत में आरक्षण मुद्दे का मसौदा पेश किया। ये मसौदा सभी पक्षकारों को दिया गया। शीर्ष अदालत ने कहा कि गुरुवार तक सभी पक्षकार अपने मुद्दे तैयार कर लें। सुप्रीम कोर्ट सितंबर को फैसला करेगा कि मामले की सुनवाई किस तरीके से और कितने दिनों में की जाए। CJI यूयू ललित, न्यायमूर्ति दिनेश माहेश्वरी, न्यायमूर्ति एस रवींद्र भट, न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति जेबी परदीवाला की संविधान पीठ इस मामले को सुनेगी। मंगलवार को वरिष्ठ वकील मनिंदर सिंह ने शीर्ष अदालत में कहा कि इस मामले में राज्यों की जरूरत होगी। कुछ राज्यों ने अभियोग आवेदन दाखिल किया है, जिस पर विचार किया जा सकता है। साथ ही राज्यों को नोटिस भेजा जा सकता है। वहीं CJI ललित ने कहा कि नोटिस जारी करने से प्रक्रिया में देरी हो सकती है। मगर, जो राज्य यहां है, हम उन्हें नहीं रोक सकते।

**BUREAU OFFICE**
**PRATEEK BHARGAVA**
**Bureau Cheif**
12/516, Friends Co-operative Society Vasundhara, Ghaziabad (UP)
Mobile + 91 8130640011
Email : prateekb@tbcgzb.com
www.tbcgzb.com
Contact for Press Release and Advertisements

# गाजियाबाद में पहली बार रोटरी क्लब के 18 समूह (डिस्ट्रिक्ट 3012) की इंस्टालेशन सेरेमनी

## 18 क्लबों के आपसी सामंजस्य से संगठन को मजबूत करने का लिया संकल्प






रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3012 के 2021-22 में रोटरी 18 समूह का ग्रुप बन गया। जबकि पिछले साल यह 16 क्लब का समूह था। रोटरी के इस नये कार्यकाल में बच्चों को पाठ्य व खाद्य सामग्री अनेक प्रोजेक्ट जरूरतमंदों की भलाई के लिए संचालित हैं।

*- डॉ ललित खन्ना, डीजी, रोटरी क्लब*



हम मेमोग्राफी और ब्लड डोनेशन कैंप, बच्चों के लिए हेल्थ और आई डेंटल कैंप आदि प्रोजेक्ट के जरिए समाज के लोगों को लाभांवित कर रहे हैं। इसके साथ ही पर्यावरण संरक्षण के लिए ट्री प्लांटेशन अभियान जारी है

*- रवि बाली*



**गाजियाबाद।** जेकेजी इंटरनेशनल स्कूल विजय नगर में पहली बार रोटरी क्लब के 18 समूह (डिस्ट्रिक्ट 3012) की इंस्टालेशन सेरेमनी हुई। जिसमें 18 क्लबों के आपसी सामंजस्य से संगठन को और अधिक मजबूत करने और प्रोजेक्ट के तहत विभिन्न कार्यो को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। चीफ गेस्ट के रूप में डीजी(डिस्ट्रिक्ट गर्वनर) डॉ ललित खन्ना ने विधिवत दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। उन्होंने रोटरी क्लबों के समूह द्वारा इस साल कराए जाने वाले कार्यो पर प्रकाश डाला। इसके साथ ही रोटरी क्लब के सदस्यों से बेहतर कार्य के संबंध में सुझाव भी मांगे।

उन्होंने कहा कि रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3012 के 2021-22 में रोटरी 18 समूह का ग्रुप बन गया। जबकि पिछले साल यह 16 क्लब का समूह था। रोटरी के इस नये कार्यकाल में बच्चों को पाठ्य व खाद्य सामग्री बांटने, टीबी से ग्रसित बच्चों को न्यूट्रिशन फूड बांटना, निशुल्क मेमोग्राफी, एनीमिया हेल्थ कैंप जैसे अनेक प्रोजेक्ट चल रहे हैं। जिनके माध्यम से गरीब व जरूरतम लोगों के हित में काम किया जा रहा है। आगे भी इस तरह के कार्ये यथावत चलते रहेंगे। इस दौरान बच्चों ने विभिन्न तरह की पोशाक में सुज्जित होकर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रोचक प्रस्तुति दी।

आईपीडीजी अशोक अग्रवाल ने कहा कि पिछले साल की अपेक्षा क्लब समूह की संख्या बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि हमें खुशी है कि हम प्रोजेक्ट के खर्चे कम करते हुए एक नई सोच के साथ समाज और जरूरतमंद लोगों की भलाई के लिए ज्यादा से ज्यादा कार्य कर आगे बढ़ रहे हैं। इसी के अंतर्गत पिछले साल 16 क्लबों ने मिलकर अपने रोटरी के सात फोकस एरिया में बेहतर काम किया। रो जेके गौड ने कहा कि हम लोगों ने समाज व लोगों की भलाई के लिए एकजुट व संकल्पित होकर क्या कार्य किया है। इससे समाज के एक बड़े तबके को इसका फायदा भी मिल रहा है।

(शेष पेज 8 पर)

हमें डिस्ट्रिक्ट और अन्य क्लबों के सहयोग से समाज की भलाई के लिए ज्यादा से ज्यादा कार्य करने की जरूरत है ताकि जमीनी स्तर पर जरूरतमंद लोगों को इनका फायदा मिल सके

*- रो जेके गौड, पीडीजी*



रोटरी समूह के सभी क्लब सदस्यों ने एक नई सोच के साथ आगे बढ़ने का संकल्प लिया। हमारी सोच है कि संगठन के कम खर्चे पर प्रोजेक्ट के सभी कार्य नियमित तौर पर चलते रहें

*- आईपीडीजी रो अशोक अग्रवाल*



हर महीने 3000 हजार महिलाओं को सेनेटरी पैड बांटने का नियमित तौर पर अभियान चल रहा है। आरएचएएम फाउंडेशन और रोटरी क्लब तमाम प्रोजेक्ट के माध्यम से लोगों को लाभांवित कर जागरूक कर रहे हैं।

*- डॉ धीरज कुमार भार्गव, फाउंडर, आरएचएएम फाउंडेशन*



16 क्लबों के सहयोग से टीबी से ग्रसित 400 बच्चों को न्यूट्रिशन फूड बांटकर लाभांवित किया जा रहा है। खुशी की बात यह है कि छह महीने के बाद 330 बच्चों का स्वास्थ्य बिल्कुल ठीक है

*- राजकुमार शर्मा, कोर्डिनेटर*



हमनें एनीमिया और हीमोग्लोबिन की कमी को दूर करने के लिए अभियान की शुरुआत की है। इसके अंतर्गत हमने करीब 25000 बच्चों के स्वास्थ्य की जांच का लक्ष्य रखा है

*- दीपक गुप्ता*



# मतदाता सूची के लिए घर-घर चल रहा अभियानः डीएम

**गाजियाबाद।** विधान सभा निर्वाचक नामावलियों में पंजीकृत समस्त मतदाताओं से स्वैच्छिक आधार नम्बर एकत्रीकरण अभियान चलाया जा रहा है। एक अगस्त से बीएलओ घर-घर जाकर आधार एकत्र कर रहे हैं। इस संबंध में जनपद के समस्त गणमान्य नागरिकों/ राजकीय विभाग/ अर्द्धशासकीय संस्थाओं/ बैंक/ पोस्ट आफिस में कार्यरत समस्त अधिकारी/कर्मचारियों एवं स्वंय सेवी संस्थाओं को अवगत करा दिया गया है।

घर-घर भ्रमण के दौरान निर्धारित फार्म- 6बी में आधार नम्बर एकत्र किये जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त आनलाइन फार्म- 6बी भरने हेतु (ERO Net, NVSP portal, GARUDA app & VHA (Voter Helpline app) आदि के माध्यम से आनलाईन फार्म- 6बी दिये जाने की सुविधा भी आयोग द्वारा



प्रदान की गई है। इसके साथ ही मतदाताओं की सुविधा के लिए आयोग द्वारा मतदाताओं से आह्वान किया है कि वह स्वेच्छा से मा0 आयोग द्वारा स्वैच्छिक रूप से आधार नम्बर एकत्र किये जाने के लिए निर्धारित फार्म- 6बी में अपना आधार नम्बर अंकित करके हार्ड कापी में अपने बूथ लेबिल आफिसर/तहसील पर स्थापित मतदाता पंजीकरण केन्द्रों/आनलाइन किये जाने हेतु अपना सहयोग प्रदान करें।

# अनाधिकृत रूप से विकसित की जा रही अवैध कालोनियों पर चला जीडीए का बुल्डोजर

**गाजियाबाद।** शहर में अवैध कालोनियों की संख्या लगातार बढ़ रही है। हालांकि अवैध कालोनियों के खिलाफ शिकायत पर संज्ञान लेते हुए गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) ने कार्रवाई तेज कर दी है। अवैध कॉलोनियों पर बुलडोजर चलाकर उन्हें ध्वस्त किया जा रहा है। मंगलवार को जीडीए उपाध्यक्ष राकेश कुमार सिंह के आदेश पर न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी एवं गुलधर रेलवे स्टेशन के सामने 10 बीघा जमीन में अवैध कॉलोनी में जीडीए प्रवर्तन दस्ते की टीम ने बुलडोजर चलाकर साइट ऑफिस, भूखंडों की बाउंड्रीवाल एवं पिलर के लिए खड़े किए गए सरिया के स्ट्रेक्चर को ध्वस्त कर दिया।

जीडीए प्रवर्तन जोन-3 की प्रभारी एवं ओएसडी गुंजा सिंह के अवकाश पर होने के चलते जोन के सहायक अभियंता राकेश कुमार सिंह ने अवर अभियंता नरेंद्र कुमार मार्कंडेय, एसपी यादव, शील निधि शर्मा, बीडी शुक्ला, राजेंद्र शर्मा, जीडीए पुलिस एवं मधुबन-बापूधाम थाने की पुलिस की मौजूदगी में ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई। जीडीए प्रवर्तन जोन-3 के सहायक



अभियंता आरके सिंह ने बताया कि पूर्व पार्षद नरेंद्र चौधरी एवं ओमवीर प्रधान द्वारा अवैध कॉलोनी न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी एवं गुलधर रेलवे स्टेशन के सामने अवैध रूप से लगभग 10 बीघा जमीन पर अनाधिकृत कॉलोनी विकसित करने के लिए भूखंड काटकर बेचे गए.इस कॉलोनी में बुलडोजर चलाकर साइट ऑफिस,भूखंडों की बाउंड्रीवाल,पिलर सरिया,सड़क आदि को ध्वस्त किया गया। ध्वस्तीकरण की कार्रवाई के दौरान कॉलोनाइजर एवं निर्माण करने वालों ने जमकर विरोध किया। मगर पुलिस फोर्स ने उन्हें लाठी फटकार कर वहां से भगा दिया। चेतावनी दी गई कि दोबारा निर्माण शुरू किया तो थाने में संबंधित के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। उसकी संपत्ति भी जब्त कर ली जाएगी।

# विजयनगर में मिला शराब का जखीरा, आरोपी को भेजा जेल

**गाजियाबाद न्यूज।** प्रदेश सरकार के माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की मंशा के अनुरूप डीएम राकेश कुमार सिंह के नेतृत्व में आबकारी विभाग शराब माफियाओं के खिलाफ लगातार एक्शन में है। इसी क्रम में जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुनिराज के निर्देशन में अवैध मद्य निष्कर्षण, अवैध मदिरा की तस्करी एवं परिवहन के विरुद्ध चलाये जा रहे प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत एक व्यक्ति विजयनगर क्षेत्र में दिल्ली की अवैध शराब को बेचने का प्रयास कर रहा है।

सूचना के आधार पर आबकारी टीम गाजियाबाद द्वारा गली नं0-14 विजयनगर बाईपास के मकान नं0-24 पर दबिश की गई। दबिश के दौरान अभियुक्त के पास केवल 02 हाफ रॉयल स्टैग दिल्ली मार्का बरामद हुई, अभियुक्त के घर को जब विधिवत चेक किया गया तो घर पर पड़े हुए दो बेडो से 24 बोतल ऐपीसोड सुपीरियर ग्रेन व्हिस्की, 02 बोतल रॉयल रॉयल ग्रीन व्हिस्की प्रत्येक 750 ml एवं



दूसरे बेड से 15 बोतल ऐपीसोड सुपीरियर ग्रेन व्हिस्की प्रत्येक 750 ml सभी दिल्ली में बिक्री हेतु अनुमन्य बरामद हुई। घर में रखी हुई अलमारी से 06 बोतल बोतल आइनेट रिजर्व व्हिस्की प्रत्येक 375 ml बरामद हुई। अभियुक्त अशोक कुमार पुत्र स्व0 रीक्षपाल निवासी गली न0-14, मकान न0-24 कृष्णानगर बागू विजयनगर बाईपास गाजियाबाद द्वारा बताया गया कि दिल्ली में मिलने वाली सस्ती शराब को स्टोर करके रखा गया था।

आरोपित इसको महंगे दामो में बेचने की फिराक में था। अभियुक्त के विरुद्ध थाना विजयनगर में एफआईआर दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।

# RT-PCR जांच नहीं होने से कोरोना संक्रमित परेशान

**गाजियाबाद।** स्वास्थ्य विभाग के पास आरटी-पीसीआर की जांच करने के लिए जरूरी वीटीएम वॉयल खत्म हो चुकी है। इस कारण सोमवार को जिले में आरटी-पीसीआर की जांच नहीं होने से कोरोना संक्रमित परेशान रहे। हालांकि विभाग की ओर से केंद्रों पर एंटीजन के जरिये संदिग्धों की जांच की गई। वहीं, बीते 24 घंटों के दौरान जिले में केवल 53 लोगों की ही आरटी-पीसीआर जांच की गई थी।

जिले में कोरोना संक्रमण की जांच के लिए स्वास्थ्य विभाग की ओर से 14 स्थाई केंद्र बनाए हुए हैं। इनमें एमएमजी अस्पताल, महिला अस्पताल, संयुक्त अस्पताल और चार सीएचसी शामिल हैं। इसके अलावा पांच पीएचसी पर भी कोरोना की जांच की जा रही है। सोमवार को केंद्रों पर आरटी पीसीआर की जांच नहीं होने से मरीज इधर उधर भटकते रहे। इन केंद्रों पर भी लोगों को सिर्फ एंटीजन के जरिये ही संदिग्धों की जांच की गई। इसके अलावा ट्रांसहिंडन समेत देहात के क्षेत्रों में भी आरटी पीसीआर से जांच नहीं की गई। एमएमजी अस्पताल में कोरोना की जांच कराने आए रोहित ने बताया कि उन्होंने



आरटी पीसीआर से जांच करने के लिए कहा, लेकिन वहां मौजूद कर्मचारियों ने एंटीजन से ही जांच की है। संयुक्त अस्पताल में जांच कराने आए विवेक गर्ग ने बताया कि कोरोना जांच बूथ पर सिर्फ एंटीजन से ही जांच कर रहे हैं। इस कारण उन्होंने जांच नहीं कराई है। वह निजी लैब में जांच कराएंगे। यहीं हाल अन्य केंद्रों का भी है। कोरोना की एंटीजन जांच को केवल 30 प्रतिशत एक्युरेट माना जाता है।

कोरोना संक्रमण की कनफर्म रिपोर्ट के लिए आरटी-पीसीआर टेस्ट को ही मान्यता है। जानकारों के अनुसार वायरल लोड ज्यादा होने पर ही एंटीजन में आता है, जबकि आरटी-पीसीआर जांच में मामूली वायरल लोड भी डिटेक्ट हो जाता है। कई बार संक्रमित व्यक्ति की रिपोर्ट एंटीजन में निगेटिव आती है और आरटी-पीसीआर में पॉजिटिव। इसके चलते कई संस्थाओं में केवल आरटी-पीसीआर रिपोर्ट ही मान्य है। जिन लोगों के ऑपरेशन होने हैं या जिन महिलाओं की डिलीवरी होनी है, उन मामलों में आरटी-पीसीआर रिपोर्ट ही मांगी जाती है। इसके अलावा कई कंपनियों में भी कोविड जांच के लिए केवल आरटी-पीसीआर रिपोर्ट ही मान्य है। जिले में सरकारी स्तर पर आरटी-पीसीआर जांच बंद होने पर लोगों को निजी लैब पर निर्धारित शुल्क देकर आरटी-पीसीआर जांच करवानी होगी।

विभाग के पास पिछले एक सप्ताह से वीटीएम (वायरल ट्रासपोर्टेशन मीडियम) वॉयल की कमी थी। इस संबंध में बीते एक महीने के दौरान चार बार शासन से इसकी मांग भी की जा चुकी है। सूत्रों का कहना है कि शासन स्तर से वॉयल की खरीद नहीं की गई है, जिसके कारण पूरे प्रदेश में वॉयल की कमी है। अब जिले में वीटीएम वॉयल खत्म हो चुकी है। हालांकि इसका कुछ रिजर्व कोटा बचा है, जो काफी जरूरतमंदों के लिए प्रयोग किया जाएगा।

# श्री दूधेश्वर गणपति लड्डू महोत्सव 2022 अष्टम दिवस का आयोजन

**गाजियाबाद न्यूज।** सिद्धपीठ श्री दूधेश्वर नाथ महादेव मठ मन्दिर में श्री दूधेश्वर गणपति लड्डू महोत्सव का आयोजन किया गया। इसमें अष्कम स्वरूप भगवान धूम्रवर्ण स्वारूप का विधि-विधान से अभिषेक पूजन किया गया। महंत नारायण गिरी महाराज ने विधिवत मंत्रोच्चारण के साथ पूजा अर्चना संपन्न कराई। उन्होंने कहा कि भगवान श्री गणेश का अष्टम अवतार धूम्रवर्ण श्री गणेश का है जो शिव तत्व का धारक है या शिव तत्त्व स्वरुप है। धूम्रवर्ण श्री गणेश मूषक वाहन पर विराजमान हैं । श्री गणेश का यह अवतार अभिमानासुर का वध करने वाला है। उन्होंने एक कथा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जब ब्रह्मा ने कर्म अध्यक्ष पद




सौंपा तो इससे सूर्य देव के मन में अहंकार का प्रादुर्भाव हुआ और उसी क्षण उन्हें छींक आ गई। जिससे एक महाकाय सुंदर पुरुष उत्पन्न हुआ। दैत्य गुरू शुक्राचार्य ने उसे अपना शिष्य घोषित कर अहंतासुर नाम दिया। उसने भगवान श्री गणेश के मंत्र से उनकी कठोर तपस्या कर ब्रह्मांड विजय का वरदान प्राप्त किया। परिणाम स्वरुप उसने तीनों लोकों को जीत लिया। चारों ओर असुरों का अत्याचार बढ़ गया जिनसे त्रस्त देवताओं ने उपवास रखकर श्री गणेश के धूम्र अवतार की उपासना की, इससे प्रसन्न होकर भगवान धूम्रवर्ण ने युद्ध में अपने पाश से लगभग पूरी असुर सेना को मार डाला। अंत में अहंतासुर भयभीत होकर भगवान की शरण में चला गया। गुरुदेव श्रीमहन्त नारायण गिरि जी महाराज श्री दूधेश्वर पीठाधीश्वर गाजियाबाद अन्तर्राष्ट्रीय प्रवक्ता श्रीपंचदशनाम जूना अखाड़ा के अध्यक्षता में भगवान धूम्रवर्ण का महाराज श्री ने षोडशोपचार पूजन अभिषेक हुआ। 1100 लड्डू से भगवान श्री गणेश जा सहस्त्रनाम से अर्चना किया गया। प्रख्यात कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम रात्री 8 से 10 बजे तक नित्य दिवस चल रहा है दूधेश्वर गणपति लड्डू महोत्सव 10दिन तक बहुत भव्य रूप से धूम धाम से मानाया गया। मन्दिर विकास समिति के अध्यक्ष धर्मपाल गर्ग, उपाध्यक्ष अनुज गर्ग के सहयोग से कार्यक्रम संपन्न हुआ। पूजा अर्चना में अध्यक्ष भाजपा संजीव शर्मा, महामंत्री पप्पू पहलवान, विकास बंसल, सेविका सुनिता छाबडा, वरिष्ठ प्राचार्य लक्ष्मीकान्त पाणी , आचार्य डा कैलाश नाथ तिवारी, इटावा, दूधेश्वर वेद विद्यालय के प्राचार्य तोयराज उपाध्याय, आचार्य विकास पाण्डेय, आचार्य नित्यानंद, दूधेश्वर श्रृंगार सेवा समिति के अध्यक्ष विजय मित्तल आदि मौजूद रहे।

# रोटरी क्लब और आरएचएएम फाउंडेशन ने स्वास्थ्य विभाग के साथ मिलकर लोगों को बूस्टर डोज के लिए किया जागरूक

**गाजियाबाद न्यूज।** औद्योगिक क्षेत्र साइट-4 स्थित साहिबाबाद इंडस्ट्रियल एसोसिएशन के ऑफिस में बूस्टर डोज के लिए शिविर लगाया गया। जिसमें रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद सेफरोन और रोटरी क्लब ऑफ इंदिरापुरम गैलोर ने आरएचएएम फाउंडेशन एंड रोटरी हेल्थ अवेयरनेस मिशन के नेतृत्व में 100 से अधिक लोगों को बूस्टर डोज लगाई।




साहिबाबाद स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी व प्रोजेक्ट कोर्डिनेटर डॉ आदित्य सिसोदिया और साहिबाबाद इंडस्ट्रियल एसोसिएशन ने संयुक्त रूप से शिविर की शुरुआत की। डॉ आदित्य सिसोदिया ने कहा कि रोटरी क्लब और आरएचएएम फाउंडेशन की ओर से शिविर में बूस्टर डोज निशुल्क लगाई जा रही है। दोनों संस्थाएं लंबे समय कोरोना महामारी से लोगों को बचाने के लिए स्वास्थ्य विभाग का पूरा सहयोग कर रही हैं। इनकी जितनी तारीफ की जाए वह कम होगी। रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद सेफरोन की अध्यक्ष रो कुनिका भार्गव ने कहा कि पिछले कई दिनों से दिल्ली-एनसीआर में कोरोना संक्रमण के मामले बढ़े हैं। इसलिए जिन लोगों ने वैक्सीन की दोनों डोज ले ली हैं वह बूस्टर डोज अवश्य लगवाएं। इससे कोरोना संक्रमण को हराया जा सकता है। रोटरी क्लब ऑफ इंदिरापुरम गैलोर की अध्यक्ष रो मनीषा भार्गव ने कहा शिविर में बूस्टर डोज निशुल्क लगाई जा रही है। इसलिए जो लोग वैक्सीनेट हैं वह आकर बूस्टर डोज जरूर लगवाएं और कोरोना महामारी के खिलाफ जंग में अपना सहयोग करें।

## बूस्टर डोज अभियान में निभाई मुख्य भूमिका

रोटरी क्लब और आरएचएएम फाउंडेशन के बूस्टर डोज अभियान में स्वास्थ्य विभाग, साहिबाबाद इंडस्ट्रियल एसोसिएशन के पदाधिकारी, गाजियाबाद सेंट्रल से रो प्रदीप गुप्ता और दिल्ली ईस्ट एंड से रो अशोक शर्मा ने मुख्य भूमिका निभाई। आरएचएएम फाउंडेशन के फाउंडर डॉ धीरज भार्गव ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग के साथ मिलकर दो बार साहिबाबाद स्वास्थ्य केंद्र पर बूस्टर डोज के लिए शिविर लगाया जा चुका है। अब सोमवार को तीसरी बार साहिबाबाद इंडस्ट्रियल एसोसिएशन के सहयोग से शिविर में 100 से अधिक लोगों को बूस्टर डोज लगाई गई है। कोरोना महामारी से बचाव के लिए लोगों को लगातार जागरूक किया जा रहा है। इस मौके पर साहिबाबाद इंडस्ट्रियल एसोसिएशन के पदाधिकारी चरणजीत सिंह, रो दयानंद शर्मा, रो अपूर्व राज, रविंद्र सिंह, प्रेमलता, संघप्रिया, रागिनी राय, संगीता, गीता शर्मा रविंद्र, विक्रम, वंदना राय, प्रदीप कुमार, इंद्रेश सोलंकी आदि मौजूद रहे।

## वैशाली एक्सप्रेस ग्रीन टावर के मतदाता कैंप में 139 लोगों ने भरा फार्म-6

गाजियाबाद। वार्ड-72 के पार्षद मनोज गोयल द्वारा सेक्टर-1 वैशाली एक्सप्रेस ग्रीन टॉवर में रविवार को आरडब्ल्यू के सहयोग से नए वोट बनवाए गए। 139 लोगों ने फॉर्म 6 भरकर इस प्रक्रिया को पूरा करा कौशांबी स्थित आईडीएफसी बैंक का इसमें विशेष सहयोग रहा। प्रशासन की ओर से निकाय चुनाव के मद्देनजर मतदाता सूची के पुनीरक्षण कैंप आयोजित किया गया।

मनोज गोयल ने कहा अगामी निकाय चुनाव के मद्देनजर मतदाता पुनीरक्षण का कार्य चल रहा है। क्षेत्र में लोगों के लिए नये मतदाता, शुद्धिकरण का कार्य किया जा रहा है। नवविवाहित महिलाओं तथा लड़कियां एवं युवा जिनकी 18 साल उम्र हो चुकी है। उनका नया मतदाता पहचान पत्र बनाने के लिए फार्म भरे गए।सोसायटी में सैकड़ो लोग ऐसे है, जिनका पहचान पत्र नही बना है और कुछ के पहचान पत्र में त्रुटि है। वोट डालना सबका अधिकारी है। इसी उद्देश्य के साथ कैंप का आयोजन किया गया।

जिसमें एक्सप्रेस ग्रीन टावर के अध्यक्ष सुशील गुप्ता, शिव प्रकाश चौहान, भाजपा नेता अवधेश कटिहार, ब्रिज विहार भाजपा महिला मोर्चा की मंत्री ममता त्रिपाठी, श्याम सुंदर सिंह, प्रवीण महेश्वरी, हेमंत गोदानी, इंदु, भूषण त्यागी, नरेश मोगिया, अमित नैनवाल, सतीश खोसला, शैलेंद्र गर्ग, राकेश शर्मा, दिनेश मुंद्रा, राकेश भाटी, मोहित शर्मा, गिरीश गुप्ता, रवि बरनवाल, कैलाश शर्मा क्षेत्र के अन्य निवासियों ने सहयोग किया।

## श्री धार्मिक रामलीला कमेटी कविनगर का भूमि पूजन संपन्न

गाजियाबाद। कविनगर के रामलीला मैदान में आगामी 21 सितंबर से रामलीला शुरू होगी। रविवार को श्री धार्मिक रामलीला कमेटी कविनगर द्वारा रामलीला के लिए विधिवत मंत्रोच्चारण के बाद भूमि-पूजन किया गया।



कविनगर रामलीला कमेटी के अध्यक्ष एवं सिविल डिफेंस के चीफ वार्डन ललित जायसवाल ने बताया कि 21 सितंबर से शुरू होने वाली रामलीला की सभी तैयारियां जल्द पूरी कर ली जाएगी। भूमि पूजन के दौरान स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री नरेंद्र कश्यप, राज्यसभा सांसद डॉ.अनिल अग्रवाल,शहर विधायक अतुल गर्ग, एमएलसी दिनेश गोयल,पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी, पूर्व विधायक सुरेंद्र मुन्नी, श्रीमंहत नारायण गिरि खोड़ा नगर पालिका चैयरमेन रीना,अजय गुप्ता, गौरव चौपड़ा, सौरभ जायसवाल, राजेन्द्र मित्तल, देवेंद्र मित्तल, पार्षद देवेंद्र अग्रवाल, पार्षद हिमांशु मित्तल, ललित कश्यप, हिमांशु पाराशर, दीपक अग्रवाल, सपा महानगर अधयक्ष राहुल चौधरी आदि मौजूद रहे।

रविवार को सुबह 11 बजे कमेटी के अध्यक्ष ललित जायसवाल, महामंत्री भूपेंद्र चौपड़ा, बलदेव राज शर्मा, बीके शर्मा हनुमान आदि लोगों की मौजूदगी में भूमि-पूजन वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विधिवत पूजन किया गया। कमेटी के अध्यक्ष ललित जायसवाल व महामंत्री भूपेंद्र चौपड़ा ने बताया कि 21 सितंबर से पहले भव्य एवं आधुनिक रूप से रामलीला कविनगर मैदान में शुरू होकर 8 अक्टूबर तक चलेगी। गणेश पूजन, माता की चौकी, दशहरा के बाद आतिशबाजी के साथ बाबा शयाम की भजन संध्या के साथ संपन्न होगी। उन्होंने बताया कि इस बार हनुमान जी उडने वाले होंगे। जो लोगों के लिए एक नया प्रयोग पहली बार होगा।

# मंत्रोच्चारण के साथ भगवान गणपति बप्पा की जयघोष, विसर्जन के बाद दी विदाई

**गाजियाबाद न्यूज।** हिंडन नदी अर्थला झील के पास श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना व मंत्रोच्चारण के साथ देवों में प्रथम पूजनीय भगवान श्रीगणेश प्रतिमा का विसर्जन किया। श्रद्धालुओं ने गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ, की जयघोष की। जिससे हिंडन घाट का माहौल भक्तिमय हो गया। विसर्जन के दौरान श्रद्धालुओं ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर बैंडबाजों की धुन पर जमकर डांस किया। श्रद्धालु अपने-अपने घरों से ढोल नगाड़ों के साथ मूर्ति विसर्जन के लिए घाट पर पहुंचे। हालांकि अधिकांश लोग मूर्ति विसर्जन के लिए मुराद नगर गंगनहर की ओर रवाना हो गए।





नगर निगम की ओर से गणेश प्रतिमा विसर्जन के लिए हिंडन नदी पर अलग से अस्थायी घाट तैयार किया गया है। अनंत चतुर्दशी यानि गणेश महोत्सव के आखिरी दिन सुबह 7 बजे से ही घाट पर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजा अर्चना कर गणेश प्रतिमा का जल में विसर्जन किया। घाट पर सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात किया गया था। श्रद्धालुओं ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर गणपति बप्पा का विसर्जन किया।

**31 अगस्त को हुए गणेश विराजमान**

शहर में 31 अगस्त को लोगों ने अपने घरों, सोसायटी और मंदिरों में गणेश प्रतिमा विराजमान की थी। महोत्सव के दसवें दिन कविनगर, नेहरूनगर, शालीमार गार्डन, राजेंद्र नगर, लाजपत नगर, डीएलएफ कॉलोनी, राजीव कॉलोनी, साहिबाबाद, झंडापुर, डिफेंस कॉलोनी, इंदिरापुरम, वैशाली व वसुंधरा के श्रद्धालुओं ने हिंडन घाट पर मूर्तियों का विसर्जन किया। शालीमार गार्डन शिवचौक स्थित मां जगदम्बा मंदिर समिति की ओर से राजीव भाटी ने विधिवत पूजा अर्चना कराकर गणेश प्रतिमा को जल में विसर्जित किया। स्थानीय लोगों ने बताया कि श्रद्धालु छोटी प्रतिमा का हिंडन घाट और बड़ी प्रतिमा का विसर्जन करने के लिए मुरादनगर और गढ़मुक्तेश्वर के लिए रवाना हो गए।

**डीजे पर किया डांस**

दिल्ली, लोनी, डिफेंस कॉलोनी, कोयल इंक्लेव, भोपुरा, कुटी से सैकड़ों श्रद्धालु रविवार को मोहन नगर जीटी रोड के रास्ते मूर्ति विसर्जन के लिए मुरादनगर पहुंचे। श्रद्धालुओं ने जीटी रोड पर गणेश भगवान की शोभयात्रा के साथ डांस किया। जिससे जगह-जगह सड़क पर जाम भी लग गया और आने-जाने वाले लोगों को थोड़ा परेशानी उठानी पड़ी। उधर, जोनल प्रभारी ने बताया कि करीब 500 श्रद्धालुओं ने एनजीटी के आदेश का पालन करते हुए अस्थायी घाट पर मूर्ति विसर्जन किया।

*Editorial*

## On National Medical Commission decision against 'conversion therapy'

In a significant and welcome move, another layer of discrimination against the LGBTQIA+ community is being removed with the National Medical Commission (NMC) declaring conversion therapy a "professional misconduct" and empowering State Medical Councils to take disciplinary action if the guideline is breached. Members of the lesbian, gay, bisexual, transgender, queer, intersex, asexual or of any other orientation are often subjected to conversion or 'reparative' therapy, particularly when they are young, to change their sexual orientation or gender identity by force. The therapy can mean anything from psychiatric treatment, use of psychosomatic drugs, electroshock therapy, exorcism and violence. This can lead to trauma, manifesting in depression, anxiety, drug use, and even suicide. The American Academy of Child and Adolescent Psychiatry contends that the interventions offered in conversion therapy are provided under the "false premise that homosexuality and gender diverse identities are pathological". The "absence of pathology" means there is no need for conversion or any other like intervention. To drive this point home, it is clear that an all-out effort will be required. In his landmark June 2021 judgment, Justice N. Anand Venkatesh of the Madras High Court had said pending adequate legislation, he was issuing guidelines for the police, social welfare ministries of the State and Centre, and the medical council for the protection of the community. The court sought updates from stakeholders every few months. The NMC's August 25 letter to State Medical Councils states that the Madras High Court had directed it to issue an official notification listing conversion therapy as a wrong, under the Indian Medical Council (Professional Conduct, Etiquette and Ethics) Regulations, 2002.

(Dr. Dheeraj Kumar Bhargava)

# Durand Cup: Odisha FC Beat Army Green 1-0, Finish Group Stages With All-win Record



Odisha FC pipped Army Green team (AGFT) 1-0 in the Durand Cup football tournament at the Indira Gandhi Athletic Stadium here on Sunday. A solitary goal from Spanish forward Pedro Martin (83rd minute) helped Odisha FC pick up all three points. The Juggernauts thus became the only side in the tournament to finish their Group D campaign with an all-win record, having secured 12 points from four games. They will now head to Kolkata for the knockout games. Kerala Blasters were the second side to make it to the knockout stages with seven points and two wins from four games. AGFT, on the other hand, finished third with four points from as many matches.

Odisha FC got their first chance in the 14th minute through young midfielder Raynier Fernandes as he took a shot from his Brazilian teammate Diego Mauricio, but it was off target. Fernandes took another crack at the opposition goal in the 35th minute but it was thwarted again. AGFT had two chances in the goalless first half when Roel Lepcha made an attempt from a distance in the 27th minute. Another chance for the AGFT arrived just seconds before the half-time whistle, when Gautam had a snap-shot at the goal. However, both the chances were thwarted by Odisha's young goalkeeper, Dylan D'Silva.

With a drab display in the second half, Odisha coach Joseph Gombau made a few changes, including that of Martin, which finally plaid dividends towards the end of the game. Martin made no mistake in the 83rd minute as his clinical finish helped Odisha to finally break the deadlock.

Pandya then joined hands with Jadeja to revive India's chase from a tricky stage. Pandya looked calm and composed during his knock and was constantly chatting with his batting partner to give some clarity to him.

Pakistan bowlers Naseem and Haris Rauf struggled with cramps in heat of Dubai during the slog overs as the Indian batters took advantage of it. They were also penalised for slow-over rate and were allowed to keep only four fielders outside the circle in the last three overs.

# US Open: Nick Kyrgios Knocks Out Defending Champion Daniil Medvedev



Australian maverick Nick Kyrgios sent defending champion and world number one Daniil Medvedev crashing out of the US Open in an explosive last-16 clash on Sunday. Wimbledon runner-up Kyrgios triumphed 7-6 (13/11), 3-6, 6-3, 6-2 to reach his first quarter-final in New York where he will face another Russian, Karen Khachanov. Medvedev will lose his world top ranking after being defeated by Kyrgios for the fourth time in five meetings. Kyrgios fired 21 aces and a total of 53 winners past his outclassed Russian opponent.

"It was an amazing match, obviously Daniil as the defending champion had a lot of pressure on his shoulders, but I've been playing amazing the last couple of months, Kyrgios said after the win. "What a place to do it — packed house in New York. I'm extremely blessed. "Losing the Wimbledon final was a bitter pill but now I want to go all the way here. "I'm glad I can show my talents — it's only taken me 27 years. In a fast-paced, big-hitting first set, Kyrgios broke to lead 4-2 before Medvedev immediately repaired the damage. A marathon tiebreak saw a 22-shot rally and Kyrgios save three set points. The Australian clinched the opener on a fourth set point of his own after 63 minutes of tennis played at breakneck speed. A furious Medvedev added spice to the encounter by complaining to umpire Eva Asderaki-Moore about the noise from the Kyrgios player box when he was serving from their end. At the changeover, the Russian even threatened to refuse to play on if the disruptions continued.

Kyrgios left the court for a bathroom break but when he returned, his high-energy level dropped dramatically and Medvedev swept to a 5-1 second set lead on his way to levelling the contest. Kyrgios then made the baffling decision to come around to Medvedev's side of the net to finish a point in the second game of the third set. His illegal manoeuvre cost him what would have been a break point. Kyrgios told a courtside TV reporter that he thought he it was a legal tactic.

"I'm going to look like an idiot, said the Australian after the match. However, he quickly broke the equally baffled Russian for a key 3-1 lead before pocketing the third set. A fired-up Kyrgios broke for 2-1 in the fourth set, was handed a code violation for swearing and responded with back-to-back aces timed at 122mph and 131mph to stretch to 3-1. He backed it up with another break for 4-1 as Medvedev wilted under the barrage before Kyrgios sent down his 21st ace to seal victory.

# Extremely Determined to Play in FIH Hockey Pro League Again: Gurjit Kaur



The Indian women's hockey team players are currently fine-tuning a few aspects about their game at the National Camp in the Sports Authority of India campus in Bengaluru. India's dragflicker Gurjit Kaur expressed that the team is determined to qualify for the FIH Hockey Pro League.

"We attained a lot of confidence after clinching the Bronze Medal in the Birmingham 2022 Commonwealth Games. Everyone has been improving steadily and we are moving forward well as a group. Currently, we are fully focused on the FIH Hockey Women's Nations Cup. We are very determined to qualify for the FIH Hockey Pro League. We had a great experience in the last edition of the FIH Hockey Pro League and we are all looking forward to having an opportunity of representing India in the competition again, said the Defender. Asked if she feels the pressure in big matches, Gurjit said, "Converting Penalty Corners has been one of my strengths and it is a scoring technique that we utilize very often, but I don't feel pressure while carrying out the role because I see the role as a responsibility. I have always wanted to make high impact for my team and I and glad I have been able to do so in some important matches.

Gurjit also said that she is working on improving her dragflicking prowess, "The game will change constantly and the players around the world will keep getting better and therefore it's important for us also to keep evolving. I noted a few aspects that I need to improve upon during CWG and I have been working on them in the National Camp. I need to keep working on my game and keep getting better as a player and especially as a dragflicker.

# श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर कविनगर में महिला प्रकोष्ठ द्वारा भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

**गाजियाबाद न्यूज।** श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर कविनगर में दिगंबर जैन महासमिति महिला प्रकोष्ठ द्वारा एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया सर्वप्रथम समिति द्वारा भगवान की प्रार्थना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया उसके उपरांत वन्दना गीत महिलाओं द्वारा पेश किया गया है जिसका सभी ने तालियों द्वारा स्वागत किया इसके उपरांत महिलाओं द्वारा जैन भजन व जैन नृत्य प्रस्तुत किया गया।महिला प्रकोष्ठ द्वारा मुख्य अतिथि और मंदिर समिति के पदाधिकारियों का पटका पहनाकर और गिफ़्ट देकर उनका स्वागत किया गया।



इसके उपरांत महिला प्रकोष्ठ द्वारा एक मनमोहक नाटक पूजा का फल प्रस्तुत किया गया जिसमें बताया गया कि पूजा का फल क्या होता है एक सेठ बहुत ज्यादा धर्म ध्यानी थे वो हमेशा पूजा पाठ में लगे रहते थे जबकि उसकी पत्नी पूजा पाठ से दूर रहती थी और उसे पूजा में कोई विश्वास नहीं था एक दिन सेठ की पत्नी के मन में भी पूजा का भाव आया और उसने अपने नौकर से कहा के बाग से फूल ले आओ।

नौकर बच्चे के साथ बाग में फूल लेने गया जहाँ पर बच्चे को साँप ने डस लिया फिर सेठ की पत्नी भागी भागी सेठ के पास मंदिर पहुँची लेकिन सेठ जी पूजा में लीन थे और उन्होंने उसकी एक भी बात नहीं सुनी और पूजा करते रहे सेठानी ने बच्चे को ले करके सेठ जी के बराबर में मृत रूप में लिटा दिया और फूट फूट कर रोने लगी।जब सेठ जी पूजा करके उठे तो उन्होंने अपने बेटे को मृत अवस्था में लेटा हुआ देखा।तब सेठ जी ने मन में जिनेंद्र भगवान के सामने अपने भाव रखें कि हे भगवान मेरी पत्नी ने पहली बार पूजा का भाव किया है इसलिए उसका पूजा का भाव ना टूटे इसलिए आज तक मैंने जितना भी पुण्य किया है उस पुण्य का फल देते हुए मेरे बेटे को जीवित कर दें जिससे पत्नी के मन में जिनेंद्र भगवान के प्रति श्रद्धाभाव बना रहे और तब सेठ जी ने णमोकार मंत्र पढ़ते हुए बच्चे के ऊपर गंदोदक जल को छिड़का वैसे ही बच्चा उठ करके खड़ा हो गया।

उसके बाद उसकी पत्नी ने कहा कि सेठ जी आज आपके धर्म के कारण बच्चा जीवित हुआ और यह सब जिनेंद्र भगवान की कृपा से हुआ आज से में भी प्रतिदिन जिनेंद्र भगवान की पूजा करूँगी और उसके बाद वो प्रतिदिन पूजा पाठ करने लगी।इस नाटक के माध्यम से यह दर्शाया गया कि पूजा पाठ व अच्छे कर्मों का फल मनुष्य को ज़रूर मिलता है।अच्छे कर्म करेंगे तो अच्छा फल मिलेगा।जिस प्रकार पूजा करने से सेठ जी के ऊपर भगवान की कृपा हुई और बच्चा जीवित हो गया।

इस अवसर पर महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्षा साधना जैन,मंत्री रेखा जैन,शशी जैन पुष्पा जैन विभा जैन पूनम जैन गीता जैन सुनीता जैन वीणा जैन लता जैन मंजू जैन आदि का विशेष सहयोग रहा।इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में श्री DK जैन और अतिथि के रूप में विजय लक्ष्मी जैन उपस्थित थीं। इस कार्यक्रम को मंदिर समिति का पूर्ण सहयोग रहा जिसमें जैन समाज के प्रवक्ता अजय जैन अध्यक्ष जम्बू प्रसाद जैन मंत्री प्रदीप जैन सांस्कृतिक मंत्री प्रदीप जैन राजू जैन आदि का विशेष सहयोग रहा ।इस कार्यक्रम की सभी जैन समाज के लोगों ने भूरी भूरी प्रशंसा की तथा इस तरह के कार्यक्रम आगे भी करने की प्रेरणा दी।

## नगर निगम की दुकानों का किराया बढ़ाने को 25 साल बाद मिली मंजूरी

**गाजियाबाद।** नगर निगम की 1702 दुकानों का किराया डीएम सर्किल रेट (बाजार दर) से बढ़ाने की मंजूरी शासन से मिल गई है। 25 साल बाद दुकानों का किराया बढ़ेगा। निगम को हर साल 10 करोड़ रुपये मिलेगा। अभी तक केवल 50 लाख रुपये किराया ही मिल रहा था। नगर निगम की सिटी जोन में 1447, मोहननगर जोन में 95, कविनगर जोन में 105 और विजयनगर जोन में 28 दुकानें हैं।

दुकानों का किराया 25 साल से नहीं बढ़ाया गया था। जिस किराये पर दुकानों का आवंटन हुआ उसी दर से मौजूदा समय में भी किराया लिया जा रहा था। कहीं पर दुकान का किराया 500 रुपये तो कहीं पर दो हजार रुपये है। जबकि, बाजार दर में आठ से 20 हजार रुपये दुकानों का किराया है। निगम बाजार दर से दुकानों का किराया बढ़ाने और मूल




आवंटी के नहीं मिलने पर आवंटन निरस्त करने का प्रस्ताव बोर्ड बैठक में लाया था। लेकिन, सदन ने 10 फीसदी किराया ही बढ़ाया। इसके बाद नगर आयुक्त महेंद्र सिंह तंवर ने दुकानों का किराया सर्किल रेट से लिए जाने का प्रस्ताव शासन को भेजा था।

वित्त संस्थान के बाद शासन ने नगर निगम को पत्र भेजकर सर्किल रेट से दुकानों का किराया बढ़ाने की मंजूरी दे दी है। दुकानदारों को इस साल अप्रैल से बढ़ा किराया देना होगा।

## इंटीग्रेटेड स्मार्ट पार्किंग मैनेजमेंट सिस्टम को मिली हरी झंडी

गाजियाबाद। उप सचिव अखिलानंद ब्रह्मचारी ने पत्र भेजकर इंटीग्रेटेड स्मार्ट पार्किंग मैनेजमेंट सिस्टम को भी मंजूरी दे दी है। स्मार्ट पार्किंग से अवैध वसूली खत्म हो जाएगी। पार्किंग में मशीन से शुल्क लिया जाएगा। एप के माध्यम से पार्किंग की सभी जानकारी वाहन मालिक के पास होंगी। नगर निगम की बोर्ड बैठक नौ सितंबर को होगी। इसमें आठ बिन्दुओं पर चर्चा की जाएगी।

बैठक में हंगामा होने के आसार हैं क्योंकि ज्यादातर वार्डों में विकास कार्य नहीं हो रहे। बोर्ड बैठक का आयोजन निगम सभागार में होगा। बैठक में जिन बिन्दुओं पर चर्चा होगी वह तैयार किया जा रहा है। स्मार्ट पार्किंग और निगम की डेढ़



हजार से ज्यादा दुकानों के संबंध में शासन से आए पत्र पर चर्चा की जाएगी। वार्डों में विकास कार्य न होने पर वार्ड की समस्याओं पर चर्चा होगी।

हरित पट्टी और पार्को को निगम के हस्तान्तरित के लिए गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) के पत्र पर भी सदन में चर्चा की जाएगी। नीतिगत विषय जिन पर कार्यकारिणी सदस्य या सदन में कभी चर्चा नही हुई उन पर भी मंथन किया जाएगा। निगम द्वारा दी गई व्यवसायिक पार्किंग के ठेके पर बात की जाएगी। निगम द्वारा कराए डिजीटल टैक्स सर्वे और डोर-टू-डोर कूड़ा क्लेक्शन व वार्ड में कूड़ा उठाने का कार्य निजी फर्म को देने पर चर्चा की जाएगी।

### परिवहन निगम प्रदूषण कम करने की दिशा में उठाएगा कदम

## परिवहन निगम के 14 रूटों पर पर दौड़ेंगीं 39 सीएनजी बस

**गाजियाबाद न्यूज।** सुप्रीम कोर्ट और नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के निर्देश के तहत परिवहन निगम ने अब दिल्ली-एनसीआर समेत 14 रूटों पर सिर्फ सीएनजी (कंप्रेस्ड नेचुरल गैस) बसों के ही संचालन का फैसला किया है। प्रदूषण के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए क्षेत्रिय प्रबंधक एके सिंह ने दिल्ली एनसीआर, कौशांबी, साहिबाबाद, गाजियाबाद पुराना बस अड्डा, मेरठ, गढ़, लोनी, खुर्जा, अलीगढ़, बृजघाट, नोएडा, हापुड़, बरेली, मोदीनगर और मुरादनगर रूटों पर चालकों को सीएनजी बस ही चलाने के लिए कहा है। गाजियाबाद रीजन में परिवहन निगम के पास 150 अनुबंधित बसें हैं जिनमें से सिर्फ 39 सीएनजी बसें इन रूटों पर दौड़ेंगीं।



कारवां अध्यक्ष विनय कुमार मित्तल ने सुप्रीम कोर्ट और एनजीटी में याचिका दायर कर कौशांबी में प्रदूषण का मुद्दा उठाया था। इस मामले में कोर्ट और एनजीटी ने सुनवाई कर परिवहन निगम को रोडवेज बेडे.से डीजल बसों को हटाकर सीएनजी में बदलने के लिए कहा था। बाद में दिल्ली और यूपी के आला अधिकारियों की संयुक्त कमिटी का गठन हुआ। उसमें भी दिल्ली-गाजियाबाद के ट्रांसपोर्ट से प्रदूषण को कम करने पर रणनीति बनी थी।

कोरोना की वजह से यह योजना ठंडे बस्ते में चली गई थी। अधिकारियों ने अब फिर से योजना पर काम शुरू कर परिवहन में सीएनजी बसों को बढ़ाने का फैसला किया है। क्षेत्रीय प्रबंधक एके सिंह का कहना है कि रीजन में अभी हमारे पास अलग-अलग डिपो पर 770 बसें हैं, जिनमें से 139 बसें सीएनजी की हैं। इन्हीं बसों को गाजियाबाद, लोनी से मेरठ, हापुड़, गढ़, खुर्जा, अलीगढ़, बृजघाट, नोएडा और दिल्ली एनसीआर में चलाया जाएगा। सबसे महत्वपूर्ण यह है कि अलग-अलग कंपनियों से अनुबंध के बाद परिवहन निगम ने तय किया है कि सितंबर माह से जिस भी बस का परमिट पूरा होगा। उसे सिर्फ सीएनजी बस से ही बदला जाएगा। इसके अलावा डीजल बसों को किसी भी कीमत पर नहीं लिया जाएगा।

क्षेत्रीय प्रबंधक का कहना है कि खरमास के दिनों में बसों के अंदर सफर करने वाले यात्रियों में कमी आ जाती है। इससे परिवहन निगम को आर्थिक घाटा हो रहा है। इसे कम करने के लिए अब नया फैसला लिया गया है जिसमें मंगलवार से रोडवेज बसें दिन में 20 और रात को 25 यात्री के बस में सवार होने पर ही डिपो से निकलेंगीं। चालक और परिचालकों पर नजर रखने के लिए एआरएम औचक निरीक्षण करेंगे। इस बीच जिस भी बस में कम यात्रियों की संख्या कम मिलेगी उन पर कार्रवाई होगी। हालांकि चालक और परिचालक से निकलने के बाद तीन किलोमीटर के दायरे में यात्रियों की संख्या भी पूरी कर सकते हैं। इस बारे में सोमवार को चालक और परिचालकों को निर्देशित भी किया गया।

# रणबीर कपूर के पुराने बीफ बयान को लेकर हुआ बवाल



रणबीर कपूर और आलिया भट्ट अपनी फिल्म ब्रह्मास्त्र के प्रमोशन के लिए खूब मेहनत कर रहे हैं। आलिया रोज फिल्म से जुड़े कुछ न कुछ वीडियो शेयर करती रहती हैं। अब आलिया ने बीते दिन वीडियो शेयर कर बताया था कि वह और रणबीर फिल्म ब्रह्मास्त्र के प्रार्थना करने उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर जा रहे हैं। दोनों काफी एक्साइटेड थे, लेकिन वहां पहुंचने के बाद दोनों की एक्साइटमेंट खत्म हो गई क्योंकि वहां पहुंचते ही उनका स्वागत विरोधियों से हुआ। दरअसल, वहां बजरंग दल के लोगों ने रणबीर और आलिया को महाकाल के मंदिर जाने नहीं दिया।

विरोध इतना बढ़ गया था कि आलिया और रणबीर बिना दर्शन किए वहां से लौट आए। सोशल मीडिया पर कई वीडियो वायरल हो रहे हैं जिसमें प्रोटेस्टर्स काफी विरोध कर रहे हैं। वहीं पुलिस उन्हें रोकने की कोशिश करती है, लेकिन मामला इतना बढ़ जाता है कि पुलिस और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं के बीच लड़ाई हो जाती है।

**क्यों हुआ विरोध**

दरअसल, ये विरोध रणबीर के एक पुराने बीफ वाले बयान को लेकर हुआ। साल 2011 में रणबीर कपूर ने अपनी फिल्म रॉकस्टार के प्रमोशन के दौरान कहा था कि उन्हें बीफ खाना पसंद है। उन्होंने कहा था, 'मेरा परिवार पेशवर से है तो इसलिए उनके लिए खूब सारा पेशवर खाना आता है। मैं मटन, पाया और बीफ खाने का शौकीन हूं। बीफ मेरा सबसे पसंदीदा है।'

बस रणबीर के इसी बयान को लेकर बीते दिन उनका विरोध किया गया। बजरंग दल के कार्यकर्ता ने कहा, 'हम रणबीर कपूर को लेकर विरोध कर रहे हैं और उन्हें महाकाल मंदिर में नहीं जाने देंगे। उन्होंने हमारी गौमाता के खिलाफ गलत बयान दिया था। उन्होंने कहा था कि बीफ खाना अच्छा लगता है।'

**अयान ने किए दर्शन**

वैसे रणबीर और आलिया भले ही दर्शन नहीं कर पाए, लेकिन अयान दोनों के वहां से जाने के बाद भगवान के दर्शन करने पहुंचे। उन्होंने मंदिर से अपनी फोटो शेयर कर लिखा, 'आज महाकालेश्वर मंदिर जाकर काफी खुश और एनर्जी से भरा महसूस कर रहा हूं। बहुत खूबसूरत दर्शन किए। इस दर्शन के साथ मैं ब्रह्मास्त्र की फिल्म मेकिंग जर्नी को खत्म करना चाहता था और अपनी फिल्म की रिलीज के लिए पूरी पॉजिटिव एनर्जी और आशीर्वाद ले सकूं।

# शजीत ने 3 मिनट 17 सेकेंड में बताए शरीर के 206 हड्डियों के नाम

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के कौशांबी में महज तीन मिनट 17 सेकेंड में पौने तीन साल के शजीत शर्मा ने मानव शरीर के 206 हड्डियों के नाम बताकर अपना नाम इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज करा लिया है। शजीत के इस उपलब्धि की जानकारी इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड की ओर से मेल के जरिए दी गई है। शजीत की मां डॉ. ईशा गुप्ता ने बताया कि शजीत प्ले स्कूल में पढ़ता है।

मानव शरीर को लेकर उसकी जिज्ञासा काफी रहती थी। पेशे से डेंटिस्ट होने के कारण क्लीनिक में भी इस तरह के पोस्टर लगे हुए हैं, जिसे शजीत पूछता रहता था। उन्होंने बताया कि जब बच्चे को हड्डियों के बारे में बताती थी तो वह बहुत जल्दी याद कर लेता था। ऐसे में उन्होंने इसकी एक वीडियो बनाई जिसमें



3 मिनट 17 सेकेंट में शजीत ने मानव शरीर के सभी हड्डियों को पहचानते हुए उसके नाम बताए। यह वीडियो रिकॉर्ड के लिए उन्होंने इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड की साइट पर अगस्त के प्रथम सप्ताह में अपलोड किया। जिसका परिणाम अब आया है। डॉ. ईशा ने बताया कि पहले एक तीन साल के बच्चे ने 3 मिनट 50 सेकेंड का रिकॉर्ड बनाया था, जिसे शजीत ने तोड़ा है।

## SD कॉलेज में भी लागू होगा ड्रेसकोड

**गाजियाबाद।** महानगर के दूसरे बड़े एसडी डिग्री कॉलेज में सत्र 2022-23 से स्नातक और परास्नातक पाठ्यक्रमों में अब विद्यार्थी यूनिफार्म में नजर आएंगे। कॉलेज की वर्किंग कमेटी की बैठक में यूनिफार्म लागू करने पर मुहर लगा दी गई है। यूनिफार्म का रंग निर्धारित करने के लिए भी कमेटी का गठन किया गया है। ऐसे में राजकीय व एडेड कॉलेजों में यूनिफार्म को लागू करने वाला एसडी कॉलेज छठवां प्रमुख कॉलेज बन जाएगा। वर्तमान में वीएमएलजी पीजी कॉलेज, माननीय कांशीराम राजकीय डिग्री कॉलेज, गिन्नी देवी डिग्री कॉलेज और एलआर कॉलेज में यूनिफार्म लागू है। वर्तमान सत्र से एमएमएच के बाद एसडी कॉलेज ने निर्णय लिया है। प्राचार्य डॉ. अखिलेश मिश्र का कहना है कि कमेटी की बैठक में सर्वसम्मति से स्नातक और परास्नातक प्रथम वर्ष से यूनिफार्म लागू करने का निर्णय लिया गया है। यूनिफार्म के रंग का निर्धारण कमेटी की ओर से जल्द कर दिया जाएगा। निर्णय से कॉलेज में बाहरी विद्यार्थियों के प्रवेश पर रोक लगाने और एकरूपता लाने में मदद मिलेगी।

# कस्तूरबा गांधी विद्यालय में पानी के सात नमूने में से दो फेल

**गाजियाबाद।** मुरादनगर के कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में रहने वाली छात्राओं को दूषित पानी पिलाया जा रहा था। छात्राओं को फूड प्वाइजनिगं होने के बाद स्वास्थ्य विभाग ने यहां से कुल सात पानी के सैंपल लिए थे। जिसमें एक सैंपल बाहर वाटर प्लांट से मंगावाई जा रही पानी की बोतल का भी था। वाटर प्लांट से मंगवाए जा रहे पानी समेत दो सैंपल फेल हो गए हैं। दूसरा सैंपल विद्यालय की दूसरी मंजिल पर रखी पानी की टंकी से लिया था। कस्तूरबा गांधी विद्यालय में बुधवार को खाना खाने के बाद 40 से अधिक छात्राओं को फूड प्वॉयजनिंग की शिकायत हो गई थी। छात्राओं को उल्टी, पेट दर्द व चक्कर की शिकायत थी।

इनमें से 12 छात्राओं का उपचार मुरादनगर सीएचसी में हुआ जबकि 19 छात्राओं को संयुक्त अस्पताल में भर्ती करवाया था। सभी छात्राओं की हालत सामान्य होने पर 16 घंटे बाद ही छुट्टी दे दी। फिर गुरुवार को स्वास्थ्य विभाग ने विद्यालय की रसोई, आरओ सिस्टम, सर्बिसेबल, हैंड पंप, विद्यालय के प्रथम तल पर लगी टंकी, दूसरे तल पर लगी टंकी एवं बाहर से मंगाई जा रही पानी की बोतल से पानी के सैंपल लिए। साथ ही खाद्य विभाग की टीम ने उड़द दाल, अन्य सब्जी समेत मसालों के सैंपल लिए थे। जिसमें स्वास्थ्य विभाग ने दो पानी के सैंपल फेल बताए हैं।

कस्तूरबा गांधी विद्यालय के जिला कोर्डिनेटर गौरव त्यागी का कहना है कि छात्राओं के बीमार होने से एक दिन पूर्व ही आरओ सिस्टम खराब हुए थे। जिसके बाद विद्यालय में पानी की बोतल मंगाई गई होगी। आरओ खराब होने और पानी की बोतल मंगाई जाने संबंधी उन्हें कोई जानकारी नहीं दी गई। इस संबंध में वार्डन से स्पष्टीकरण मांगा जाएगा। वेतन रोकने की भी संसतुति की जाएगी।

विद्यालय से लिए गए सात सैंपल में से दो फेल हो गए हैं। छात्राओं की तबियत गंदा पानी से पीने से भी खराब हुई हो सकती है। स्वास्थ्य विभाग पानी के सैंपल की जांच रिपोर्ट प्रशासन और शिक्षा विभाग को भेज रहा है। इसके साथ ही यह जानकारी भी की जाएगी कि विद्यालय में किस पानी के प्लांट से पानी की बोतल मंगवाई जा रही थीं।

## लम्पी वायरस की रोकथाम के लिए कंट्रोल रूम में करें काल

**गाजियाबाद।** गोवंशों में लगातार लम्पी वायरस के लक्षण मिलने से पशु चिकित्सा विभाग सतर्क हो गया है। अब गोवंश में लम्पी वायरस के लक्षण दिखने पर पशुपालक विभाग को सीधे सूचना दे सकेंगे। पशु में लक्षण मिलने पर पशुपालक 01202829040 पर कॉल कर जानकारी दे सकेंगे। विकास भवन में लम्पी वायरस की रोकथाम के लिए कंट्रोल रूम बना दिया गया है। जनपद में अब तक 18 गोवंशों में लम्पी वायरस के लक्षम मिल चुके हैं। हालांकि अभी तक किसी भी गोवंश में वायरस की पुष्टि नहीं हुई है। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा. महेश ने बताया कि 12 गोवंशों के सैंपल लेकर लम्पी वायरस की जांच के लिए लखनऊ प्रयोगशाला भेजे गए हैं, जिन्हें से चार सैंपल की जांच रिपोर्ट प्राप्त हुई है। सभी सैंपल निगेटिव आए हैं। सतर्कता बरतते हुए विकास भवन में कंट्रोल रूप बनाया गया है। विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर गोवंश का इलाज शुरू करेगी। इसके अलावा वायरस की रोकथाम के लिए सभी गोवंशों को निशुल्क टीके भी लगाए जा रहे हैं। साथ ही शासन से अब दो मोबाइल एंबुलेंस प्राप्त हो गई हैं।

# लाल सिंह चड्ढा और रक्षा बंधन की सिनेमाई पारी, देखें कितना रहा कलेक्शन







सितंबर की शुरुआत हो गई है और अभी तक साल 2022 बॉलीवुड के लिए कुछ अच्छा नहीं रहा है। बैक टू बैक कई फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर बुरा परफॉर्म किया है। आमिर खान और करीना कपूर खान की लाल सिंह चड्ढा से लेकर विजय देवरकोंडा और अनन्या पांडे की लाइगर तक, इन फिल्मों से ट्रेड एनालिस्ट्स को उम्मीदे थीं, लेकिन ये फिल्में फ्लॉप साबित हुईं। वहीं रक्षा बंधन भी अक्षय कुमार की तीसरी बैक टू बैक फ्लॉप फिल्म साबित हुई।

**क्या है रक्षा बंधन का कलेक्शन**

अक्षय कुमार की फिल्म रक्षा बंधन का निर्देशन आनंद एल राय ने किया था और खूब प्रमोशन भी हुआ था, बावजूद इसके फिल्म ने पहले दिन 8.20 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था। इसके बाद ओपनिंग वीकेंड में फिल्म का कलेक्शन 28.16 करोड़ रुपये रहा। फिल्म ने पहले हफ्ते में 38.30 करोड़ रुपये, दूसरे हफ्ते 43.22 करोड़ रुपये और तीसरे हफ्ते 44.02 करोड़ रुपये का कुल कलेक्शन किया। 11 अगस्त को रिलीज हुई फिल्म ने कुल 44.02 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया।

**लाल सिंह चड्ढा का कलेक्शन**

अक्षय कुमार की रक्षा बंधन के साथ आमिर खान और करीना कपूर खान स्टारर फिल्म लाल सिंह चड्ढा रिलीज हुई थी। फिल्म ने पहले दिन 11.70 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था। इसके बाद फिल्म ने ओपनिंग वीकेंड में 37.96 करोड़ रुपये, पहले हफ्ते में 50.98 करोड़ रुपये, दूसरे हफ्ते में 56.83 करोड़ रुपये और तीसरे हफ्ते में 58.18 करोड़ रुपये का कुल कलेक्शन किया। बता दें कि फिल्म ने रक्षा बंधन से अधिक कमाई की।

**लाइगर का बुरा हाल**

विजय देवरकोंडा और अनन्या पांडे की लाइगर को खूब प्रमोट किया गया था और ट्रेलर के रिलीज के बाद से ही फिल्म से दर्शकों को काफी उम्मीदे थीं। बता दें कि फिल्म के हिंदी वर्जन को साउथ से एक दिन लेट रिलीज किया गया। 25 अगस्त को फिल्म का पेड प्रिव्यू रखा गया, जिससे 1.25 करोड़ रुपये की कमाई हुई। इसके बाद फिल्म ने ओपनिंग डे में 4.50 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया। वहीं पहले हफ्ते में फिल्म ने 18.05 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया।

# भारत के सहयोग से बांग्लादेश को मिलेगी सस्ती बिजली प्रधानमंत्री शेख हसीना ने पीएम नरेंद्र से की मुलाकात

**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी और बांग्लादेशी प्रधानमंत्री शेख हसीना ने राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में मंगलवार (6 सितंबर, 2022) को एक संयुक्त प्रेस वार्ता को सम्बोधित किया। इस दौरान पीएम मोदी ने याद दिलाया कि गत वर्ष हमने बांग्लादेश की स्वतंत्रता की 50वीं वर्षगाँठ, हमारे राजनयिक संबंधों की स्वर्ण जयंती, और बंगबंधु शेख मुजीबुर रहमान की जन्म शताब्दी को एक साथ मनाया था। उन्होंने ये भी याद दिलाया कि गत वर्ष 6 दिसंबर को हमने पूरी दुनिया में अपना प्रथम 'मैत्री दिवस' भी मनाया।



पीएम मोदी ने कहा कि बांग्लादेशी पीएम शेख हसीना जी का भारत दौरा हमारी आजादी के अमृत महोत्सव के दौरान हो रहा है, ऐसे में उन्हें (पीएम मोदी को) पूरा भरोसा है कि अगले 25 सालों के अमृत काल में भारत-बांग्लोदश मित्रता नई ऊँचाइयाँ छूएगी। उन्होंने बताया है कि आज बांग्लादेश भारत का सबसे बड़ा विकास साझेदार और क्षेत्र में हमारा सबसे बड़ा व्यापार साझेदार है। उन्होंने कहा कि हमारे घनिष्ठ सांस्कृतिक और दोनों देशों के लोगों के बीच संबंधों में भी लगातार इजाफा हुआ है। पीएम मोदी ने आगे कहा कि, 'हमने IT, अंतरिक्ष और परमाणु ऊर्जा जैसे सेक्टर में भी सहयोग बढ़ाने का फैसला लिया है, जो हमारी युवा पीढ़ियों के लिए रुचि रखते हैं। हम जलवायु परिवर्तन और सुंदरबन जैसी साझा धरोहर को संरक्षित रखने के लिए भी आपसी सहयोग जारी रखेंगे। मैत्री सुपर थर्मल पॉवर प्लांट के शुभारंभ से बांग्लादेश के लोगों को सस्ती बिजली मिलेगी। बगैर किसी बाधा के बिजली की आपूर्ति हो, इसके लिए पॉवर लाइन हेतु भी हमारे बीच चर्चा चल रही है।'

पीएम मोदी बोले कि ऐसी 54 नदियाँ हैं जो भारत-बांग्लादेश बॉर्डर से गुज़रती हैं, और सदियों से दोनों देशों के लोगों की आजीविका से जुड़ी हुईं रही हैं। उन्होंने कहा कि ये नदियाँ, इनके संबंध में लोक-कहानियाँ, लोक-गीत, हमारी साझा सांस्कृतिक विरासत के भी गवाह रहे हैं। उन्होंने ये भी बताया है कि भारत-बांग्लादेश ने कुशियारा नदी से जल बँटवारे पर एक महत्वपूर्ण समझौते पर दस्तखत किए हैं, जिससे भारत में दक्षिणी असम और बांग्लादेश में सिलहट क्षेत्र को फायदा मिलेगा। पीएम मोदी ने कहा कि आज हमने आतंकवाद और कट्टरवाद के विरुद्ध भी सहयोग पर बल दिया है।

उन्होंने ध्यान दिलाया कि 1971 की भावना को जीवंत रखने के लिए भी यह बेहद जरूरी है कि हम ऐसी शक्तियों का मिल कर मुकाबला करें, जो हमारे आपसी भरोसे पर आघात करना चाहती हैं। बता दें कि शेख हसीना के इस 4 दिवसीय दौरे में कई MoU पर भी दस्तखत हुए हैं। उन्होंने 'आज़ादी का अमृत महोत्सव' और 'आत्मनिर्भर भारत' के लिए बधाई भी दी है।

## केजरीवाल सरकार के खिलाफ मेट्रो में चला भाजपा का जनसंपर्क अभियान

**टीबीसी न्यूज।** आबकारी नीति में भ्रष्टाचार के आरोप को लेकर उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के इस्तीफे की मांग को लेकर भाजपा का आंदोलन जारी है। पार्टी इस आंदोलन से आम जनता को जोड़ने में लगी हुई है। इसी कड़ी में भाजपा नेताओं ने मेट्रो स्टेशन व ट्रेन में जाकर यात्रियों के बीच जनसंपर्क अभियान चलाया।

नई आबकारी नीति में हुए भ्रष्टाचार को लेकर पंफलेट वितरित किए।विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने विश्वविद्यालय मेट्रो स्टेशन के बाहर कहा कि दिल्ली की जनता को आम आदमी पार्टी (आप) की सच्चाई मालूम होनी चाहिए। नई आबकारी नीति की सराहना करने वाले केजरीवाल व सिसोदिया को



इसे वापस क्यों लेना पड़ा? विधानसभा में खुद सिसोदिया ने स्वीकार किया था कि दिल्ली के 100 वार्ड ऐसे हैं जहां शराब के ठेके नहीं खोले जा सकते। बाद में मास्टर प्लान का उलंघन कर शराब के ठेके खोल दिए गए। सरकार को इसका कारण बताना चाहिए। जनता जानना चाहती है कि स्टिंग आपरेशन सामने आने के बाद भी मुख्यमंत्री ने सिसोदिया को बर्खास्त क्यों नहीं किया? पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व सांसद मनोज तिवारी ने लक्ष्मी नगर मेट्रो स्टेशन पर कहा कि केजरीवाल ने भाजपा और जनता के सवालों का अभी तक जवाब नहीं दिया है क्योंकि उन्हें फंसने का डर सता रहा है। सांसद रमेश बिधूड़ी ने कहा कि शराब की बिक्री में दोगुने से ज्यादा की बढ़ोतरी होने के बावजूद राजस्व में लगभग तीन हजार करोड़ के नुकसान के बारे में जनता जानना चाहती है।

विभिन्न स्थानों पर हुए जनसंपर्क अभियान में असम के भाजपा सह-प्रभारी पवन शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक गोयल देवराहा, राजीव बब्बर, बरखा सिंह व सुनील यादव, प्रदेश महामंत्री कुलजीत सिंह चहल, विधायक विजेंद्र गुप्ता, अभय वर्मा एवं अनिल वाजपेई सहित अन्य नेता शामिल हुए।

## अब कार में हर किसी को सीट बेल्ट लगाना हुआ अनिवार्य

**नई दिल्ली।** टाटा समूह के पूर्व अध्यक्ष साइरस मिस्त्री के देहांत के बाद केंद्र की मोदी सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। अब से गाड़ी में हर किसी को सीट बेल्ट लगाना अनिवार्य होगा। आप आगे की सीट पर बैठे हों या फिर पीछे, सभी को सीट बेल्ट लगाना अनिवार्य कर दिया गया है। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने इस संबंध में जानकारी दी है। बड़ी बात ये है कि ड्राइवर की पिछली सीट पर बैठे यात्रियों द्वारा सीट बेल्ट ना पहनने पर चालान भी काटा जाएगा। पीछे किसी पर भी बेल्ट लगाने के लिए क्लिप का प्रबंध होगा।

ये भी कहा जा रहा है कि पीछे की सीट पर बैठे यात्री यदि सीट बेल्ट नहीं लगाएंगे तो अलार्म बजता रहेगा। इसको लेकर आगामी 3 दिनों में इससे संबंधित आदेश जारी हो जाएगा। बता दें कि मुंबई-अहमदाबाद हाईवे पर एक कार हादसा में टाटा संस के पूर्व अध्यक्ष साइरस मिस्त्री का देहांत हो गया था। मुंबई के पास उनकी कार डिवाइडर से टकरा गई थी और ये हादसा हुआ था। पुलिस को प्रारंभिक जांच में हादसे के कारण ओवरस्पीडिंग और रॉन्ग साइड से ओवरटेक लग रही है। ऐसा भी कहा जा रहा है कि पीछे बैठे साइरस मिस्त्री ने सीट बेल्ट नहीं पहन रखी थी।अब उन्हीं सब बातों के मद्देनज़र केंद्र सरकार ने ये बड़ा फैसला लिया है। ड्राइविंग सीट पर बैठा व्यक्ति तो पहले भी सीट बेल्ट लगाता था, मगर, अब पीछे बैठे शख्स को भी उस नियम का पालन करना होगा।

## 20 महिलाओं ने कराया निशुल्क मैमोग्राफी स्क्रीनिंग

### रक्त महादान शिविर में लोगों ने 34 यूनिट ब्लड डोनेट किया

**गाजियाबाद।** रोटरी क्लब और आरएचएएम फाउंडेशन की ओर से विजय नगर स्थित जेकेजी स्कूल में मैमोग्राफी और ब्लड डोनेट शिविर लगाया गया। जिसमें 20 महिलाओं ने निशुल्क मैमोग्राफी स्क्रीनिंग कराई जबकि 34 लोगों ने ब्लड डोनेट कर रक्त महादान में हिस्सा लिया। चिकित्सकों की टीम ने महिलाओं को कैंसर के लक्षण और उससे बचाव के संबंध में टिप्स दिए। लोगों को ब्लड डोनेशन के बारे में भी बताया।

रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद नेक्स्ट, रोटरी क्लब ऑफ प्रताप विहार, रोटरी क्लब ऑफ विजय नगर, रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद रॉयल ने आरएचएएम फाउंडेशन एंड रोटरी हेल्थ अवेयरनेस मिशन के नेतृत्व में दोपहर 12 बजे कैंप की शुरुआत की। सर्वप्रथम मेमोग्राफी की निशुल्क स्क्रीनिंग, बीपी, शुगर और चिकित्सक की परामर्श के मुताबिक ब्रेस्ट कैंसर की जांच भी की गई। मुख्य अतिथि के रूप में रो डीजी ललित खन्ना, पीडीजी रो जेके गौड और आईपीडीजी रो अशोक अग्रवाल ने शिकरत की। उन्होंने कहा कि जागरूकता के अभाव में महिलाओं में कई तरह की






बीमारियां होने लगती है। बीपी शुगर के अलावा सबसे ज्यादा परेशानी कैंसर की बीमारी को लेकर हो रही है। अगर व्यक्ति जागरूक है और शुरुआती दौर में ही इसकी जांच कराकर इलाज शुरू करा देता है तो कैंसर को आसानी से हराया जा सकता है। इसके लिए जरूरी है कि समय-समय पर मैमोग्राफी अवश्य कराएं और चिकित्सकों की सलाह के मुताबिक समय पर इलाज कराएं। आरएचएएम फाउंडेशन के फाउंडर डॉ धीरज कुमार भार्गव ने कहा कि लोगों की सुविधा के लिए मैमोग्राफी शिविर में जांच निशुल्क है। शुरुआत में जांच कराने से बीमारी के लक्षणों की पहचान संभव है और इससे बीमारी के भयंकर रूप लेने से पहले ही मरीज को ठीक किया जा सकता है।

**34 लोगों ने किया ब्लड डोनेट**

आरएचएएम फाउंडेशन और रोटरी क्लब से जुड़े करीब 34 सदस्यों ने ब्लड डोनेट किया। इसके साथ ही दूसरे लोगों को भी रक्तदान करने के लिए जागरूक किया। रो डीजी ललित खन्ना ने कहा कि रक्तदान महादान है इसलिए इस नेक कार्य में सभी लोगों को अपना योगदान देना चाहिए। स्पेशल गेस्ट में रो विजय भूषण, रो नरोत्तम मित्तल, रो सतीश मित्तल, रो पवन रस्तौगी, रो राज किशोर शर्मा, रो कृष्ण अवतार गर्ग, रो भूषण चौहान,रो अशोक ग्रोवर, रो अंकुर अग्रवाल ने अपना पूरा योगदान दिया।

**इन क्लबों ने निभाई मुख्य भूमिका**

रोटरी क्ल्ब ऑफ गाजियाबाद सेफरोन, रोटरी क्लब ऑफ इंदिरापुरम गैलोर, दिल्ली विनोद नगर, गाजियाबाद आस्था, गाजियाबाद अशोका, गाजियाबाद राजनगर, गाजियाबाद सनरेज, गाजियाबाद गुलमोहर, गाजियाबाद ज्ञानखंड, गाजियाबाद यूनिवर्स, हापुड़ एलाइट आदि ने मैमोग्राफी और ब्लड डोनेशन कैंप में मुख्य भूमिका निभाई। इस मौके पर रो निधि बंसल, रो कविता गर्ग, रो अभिषेक गर्ग, रो अपूर्व गोया, रो ज्योति रासावत, रो प्रभा शर्मा, रो बबीता गर्ग, रो विशाल गर्ग, रो रेणू त्यागी, रो यशी बाला, रो राहुल त्यागी, रो अमन अग्रवाल, रो कुनिका भार्गव, रो मनीषा भार्गव, रो निखिल मित्तल, रो नीलम शर्मा, रो पारित अग्रवाल, रो संदीप गोयल, रो निकिता आदि मौजूद रहे।

# गाजियाबाद में पहली बार रोटरी क्लब के 18 समूह (डिस्ट्रिक्ट 3012) की इंस्टालेशन सेरेमनी

आरएचएएम फाउंडेशन के फाउंडर डॉ धीरज कुमार भार्गव ने कहा कि रोटरी क्लब के तमाम प्रोजेक्ट समाज के लोगों की भलाई के लिए बेहतर काम कर रहे हैं। जैसे महिलाओं को सेनेटरी पैड बांटना, बच्चों को पाठ्य व खाद्य सामग्री देना और टीबी से ग्रसित बच्चों को न्यूट्रिशन फूड देना। इसके साथ ही महिला सशक्तिकरण अभियान के तहत सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाली छात्राओं में खून की कमी को दूर करने के लिए एनीमिया व हीमोग्लोबिन जांच के लिए शिविर लगाना और फिर निशुल्क टेबलेट्स बांटने जैसे कार्य किए हैं। इसके साथ ही स्वास्थ्य केंद्रों पर कम्प्यूटर उपलब्ध कराना, मेमोग्राफी और ब्लड डोनेशन कैंप लगाना और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक नई सोच के साथ आगे बढ़ते हुए पौधारोपण किया है। इन सबका जमीनी स्तर पर लोगों को भरपूर फायदा मिल रहा है। उन्होंने कहा कि इसमें 16 क्लबों के सहयोग से टीबी से ग्रसित 400 बच्चों को न्यूट्रिशन फूड बांटकर लाभांवित किया ।

इसमें बेहद खुशी की बात यह है कि छह महीने के बाद 330 बच्चों का स्वास्थ्य बिल्कुल ठीक है। जबकि 70 बच्चों को अभी भी न्यूट्रिशन फूड बांटने का कार्य निरंतर तौर पर चल रहा है। इसके बाद पर्यारण संरक्षण की दिशा में आगे बढ़ते हुए ट्री प्लांटेशन अभियान के अंतर्गत विभिन्न प्रजातियों के 250 पौधे लगाए गए। इसी क्रम में शहर के दो स्कूलों में बच्चों की पेयजल समस्या को देखते हुए वाटर टैंक उपलब्ध कराए गए हैं। बच्चों के लिए 5 से 6 हेल्थ चेकअप कैंप लगाए गए। विभिन्न सोसायटी और स्कूलों में Maternal And Child Health के अंतर्गत एनीमिया और हीमोग्लोबिन की कमी को दूर करने के लिए अभियान की शुरुआत की गई। इसके अंतर्गत हमने करीब 25000 बच्चों के स्वास्थ्य की जांच का लक्ष्य रखा है।






## नई सोच के साथ आगे बढ़ने का लिया संकल्प

कार्यक्रम में रोटरी समूह के सभी क्लब सदस्यों ने एक नई सोच के साथ आगे बढ़ने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि हमारी सोच है कि संगठन के कम खर्चे पर प्रोजेक्ट के सभी कार्य नियमित तौर पर चलते रहें। वर्तमान में इन्हीं प्रोजेक्ट कार्य को आगे बढ़ाते हुए हमारी सोच छोटे-छोटे क्लब का समूह बनाकर एकजुट होकर वृहद स्तर पर कार्य करें ताकि हर साल 30 से 40 प्रोजेक्ट कर सकें। पूरे डिसट्रिक्ट और अन्य क्लबों के सहयोग से समाज की भलाई के लिए ज्यादा से ज्यादा कार्य कर सकें ताकि जमीनी स्तर पर जरूरतमंद लोगों को इनका फायदा मिल सके। इससे समाज में एक नई क्रांति आएगी और हमारे संगठन के साथ समाज के भीतर मजबूती और जागरूकता देखने को मिलेगी।

## हर माह 3000 हजार महिलाओं को सेनेटरी पैड बांटने का अभियान

हर महीने 3000 हजार महिलाओं को सेनेटरी पैड बांटने का नियमित तौर पर अभियान चल रहा है। शिविर के माध्यम से महिलाओं को सेनेटरी पैड के इस्तेमाल के तौर तरीकों के बारे में भी जागरूक किया जा रहा है। हापुड़ के कन्या वैदिक आश्रम, ग्रेटर नोएडा के सेंट फ्रॉसिंस अनाथ आश्रम और जिला महिला अस्पताल आदि स्थानों पर हर महीने अभियान चलाकर सेनेटरी पैड वितरित किया जा रहा है। खुशी की बात यह जमीनी स्तर पर जरूरतमंद महिला और बेटियों को इसका फायदा मिल रहा है।

## ट्री प्लांटेशन में 450 पौधे लगाए

रो रवि बाली ने कहा कि मेमोग्राफी और ब्लड डोनेशन कैंप, बच्चों के लिए हेल्थ और आई डेंटल कैंप आदि हर महीने के प्रोजेक्ट में शामिल हैं। इस साल ट्री प्लांटेशन अभियान के अंतर्गत 450 पौधे लगाए जा चुके हैं।

## कार्यक्रम में इन्होंने निभाई मुख्य भूमिका

गेस्ट ऑफ ऑनर में पीडीजी मुकेश अरनेजा, रो रमेश अग्रवाल, रो जेके गौड, रो शरत जैन, रो सुभाष जैन, दीपक गुप्ता, आईपीडीजी अशोक अग्रवाल, डीजीई प्रत्योष गुप्ता और डीजीएन प्रशांत शर्मा मौजूद रहें। जबकि कोर्डिनेटर में पीपी डॉ धीरज कुमार भार्गव, योगेश गर्ग अखिलेंद्र गर्ग, राजकिशोर शर्मा, विनीत अग्रवाल, प्रवीण गर्ग और सतीश मित्तल शिरकत करेंगे। स्पेशल गेस्ट में एजी भूषण चौहान, एससी मित्तल, अशोक ग्रोवर और अन्य सदस्यों ने मुख्य भूमिका निभाई। वहीं, अध्यक्ष में रो निधि बंसल, रो कविता गर्ग, रो अभिषेक गर्ग, रो अपूर्व गोया, रो ज्योति रसावत, रो प्रभा शर्मा, रो बबीता गर्ग, रो विशाल गर्ग, रो राहुल त्यागी, रो नीलम शर्मा आदि अन्य सदस्य मौजूद रहें।




आरएचएएम फाउंडेशन और रोटरी क्लब लगातार समाज और जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए काम कर रहे हैं। आगे भी इसी तरह महिलाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जाएगा।
- कुनिका भार्गव, अध्यक्ष, रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद सेफरोन



हमारी मंशा है कि जमीनी स्तर पर जरूरतमंद लोगों को प्रोजेक्ट का फायदा मिलें। इससे समाज में एक नई क्रांति आएगी और संगठन में मजबूती देखने को मिलेगी।
*-शरत जैन*



शहर में पहली बार रोटरी क्लब के 18 समूह का सेरेमनी कार्यक्रम हुआ है। समाज हित में रोटरी क्लब के फोकस एरिया में तन्यमता के साथ काम किया जाएगा।
*-सतीश मित्तल*




रोटरी क्ल्ब और आरएचएएम फाउंडेशन ने बहुत बड़े स्तर पर बच्चों को पाठय व खाद्य सामग्री बांटने की मुहिम चलाई है उसके लक्ष्य को एकजुटता के साथ पूरा किया जाएगा।
*-विनीत अग्रवाल*



रोटरी क्लब लगातार पर्यावरण संरक्षण के लिए भी काम कर रहे हैं। इसके साथ ही समाज के लोगों को भी जागरूक किया जा रहा है। *-अभिषेक जिंदल*



हमारी सोच छोटे-छोटे क्लब का समूह बनाकर एकजुट होकर वृहद स्तर पर कार्य करने की है। डिस्ट्रिक्ट और अन्य क्लबों के सहयोग से समाज की भलाई के लिए ज्यादा से ज्यादा कार्य कर सकें।
*-मनीषा भार्गव, अध्यक्ष, रोटरी क्लब ऑफ इंदिरापुरम गैलोर*



गाजियाबाद में पहली बार रोटरी क्लब के 18 समूह का इंस्टालेशन सेरेमनी कार्यक्रम हुआ है। सभी सदस्यों को एक मंच पर आने का मौका मिला। सभी प्रोजेक्ट को एकजुटता के साथ आगे बढ़ाया जाएगा।
*-योगेश गर्ग, कोर्डिनेटर*



रोटरी क्लब के सभी फोकस एरिया में लोगों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए लोगों की भलाई के लिए काम कर रहे हैं। हम आगे भी इसी तरह समाज के उत्थान के लिए कार्य करेंगे।
*-दिनेश मित्तल, कोर्डिनेटर*



रोटरी क्लब और आरएचएएम फाउंडेशन लंबे समय से बालिका, महिला और समाज के अन्य जरूरतमंद लोगों की मदद कर रहे हैं। आगे भी यह सिलसिला इसी तरह से बढ़ता रहेगा। *-प्रवीण गर्ग, कोर्डिनेटर*



सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाली छात्राओं में खून की कमी को दूर करने के लिए एनीमिया व हीमोग्लोबिन जांच के लिए शिविर लगाना और फिर निशुल्क टेबलेट्स बांटने जैसे अभियान से महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक अच्छी पहल है। *-अखिलेंद्र गर्ग*



रोटरी क्लब का इंस्टालेशन सेरेमनी कार्यक्रम बेहद सराहनीय है। ऐसे कार्यक्रम से सभी को एकमंच पर आने का मौका मिला। साथ ही सालभर के कार्यो पर चर्चा की गई।
-अमिता महेंद्रु

Printed and Published by Dheeraj Kumar Bhargava at B.F.L Inrotech Ltd, C-9, Sector-3 Noida, Distt. Gautam Budh Nagar and Published at 282, Sarai Nazar Ali, behind MMG Hospital Ghaziabad (U.P.) 201 001. Editor: Dheeraj Kumar, Resident Editor: Manisha Bhargava** Email: editor@tbam.co.in (RNI. No): UPBIL/2009/28691 Postal Registration No. UP/GBD80/2016- 18. Advertisement : Ph. No.: 0120-2850800, 2850297, Fax : 0120-4561000 at Plot No 516, Sector 12: Friends Co-operative Society, Vasundhra, Ghaziabad (U.P.)** Responsible for selection of News under the PRB Act.
Repro- duction in any manner, electronic or otherwise in whole or in post without prior written permission is prohibited.